द्वारा विशेष वाहक

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद–1

संख्याःपाँच–111–आर(वरिष्ठता)2016 दिनांकःअप्रैल 12, 2016

सेवा में,

पुलिस महानिरीक्षक,स्थापना
उ0प्र0 लखनऊ।

विषयः– उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति हेतु भर्ती/चयन वर्ष 2013 व 2014 की अवशेष रिक्तियों कमशः 392 व 27 अर्थात 419 रिक्तियों को भरे जाने हेतु पूरक अधियाचन भेजे जाने के संबंध में।

---

कृपया उपरोक्त विषय में अवगत कराना है कि याचीगण द्वारा रिट याचिका संख्या–42810/2015 मुख्य आरक्षी ना0पु0 सीताराम यादव व 34 अन्य मा0 न्यायालय में उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के चयन वर्ष 2013 के 392 व चयन वर्ष 2014 के रिक्त 27 पदों अर्थात कुल 419 पदों को भरे जाने हेतु याचिका योजित की गयी है, जिस पर प्रतिशपथ पत्र दाखिल किये जाने हेतु मा0 न्यायालय द्वारा निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय द्वारा उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,लखनऊ से प्रतिशपथ पत्र दाखिल किये जाने हेतु अनुरोध किया गया था। अपर पुलिस महानिदेशक/सदस्य सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के पत्रांक पीआरपीबी–व–7–176/2016, दिनांक 2–3–2016(छाया प्रति संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि 419 पदों को भरे जाने हेतु पूरक अधियाचन पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 की ओर से प्राप्त नहीं हुआ है। पूरक अधियाचन प्राप्त होने पर अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी तथा रिट याचिका में प्रतिशपथ पत्र लगाये जाने हेतु पुलिस मुख्यालय को संदर्भित किया गया है।

2– उल्लेखनीय है कि पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्या–डीजी–चार–106(350)2014, दिनांक 17–10–2014 द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर अनुपयुक्तों को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर प्रोन्नति द्वारा चयन हेतु भर्ती/चयन वर्ष 2009, 2010,2011,2012 तथा 2014 की कुल 2388 रिक्तियों का अधियाचन बोर्ड को प्रेषित किया गया था। मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के कार्यालय के पत्र संख्या–डीजी–चार106(350)2014 दिनांक 05–01–2015 द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर प्रोन्नति हेतु भर्ती/चयन वर्ष 20099 से 2014 हेतु 4529 अर्ह कार्मिकों की पात्रता सूची उपलब्ध करायी गयी थी जिसमें नियमानुसार रिक्तियों का डेढ़ गुना पात्रता सूची में सम्मिलित 3582 अभ्यर्थियों की पात्रता सूची पर विचार करके शारीरिक दक्षता परीक्षा कराकर परीक्षा में सफल कर्मियों के विभागीय चयन समिति द्वारा सेवाभिलेखों एवं सूचनाओं के आधार पर 1725 कर्मियों को उपयुक्त, 36 कर्मियों की संस्तुति बंद लिफाफे में तथा 208 कर्मियों के पद सुरक्षित रखते हुए अपूर्ण सेवाभिलेखों के कारण स्थगित कर दिया गया। इस प्रकार चयन वर्ष 2013 में 392 तथा चयन वर्ष 2014 के 27 अर्थात 419 रिक्तियाँ भरे जाने से रह गयी थी।

3– शासनादेश संख्याः1693/6–पु–1–15–90(4)/2014, दिनांक 23–7–2015 एवं शासनादेश संख्याः 2710/6–पु–1–15–90(4)/2014 दिनांक 20–1–2016 द्वारा पुलिस बल के वर्ष 1994 से वर्ष 2014 तक आउट आफ टर्न पदोन्नति प्राप्त कर्मियों की वन टाइम वरिष्ठता निर्धारित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

4– वर्ष 2001 तक के मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्राप्त मुख्य आरक्षी ना0पु0 एवं अभिसूचना की अन्तिम वरिष्ठता सूची दिनांक 23–12–2014 को प्रकाशित की गयी थी, जिसके कारण शासन के पत्र दिनांक 23–7–2015 एवं 21–1–2016 में अंकित वर्ष–2001 तक आउट आफ टर्न प्रोन्नति हेतु अनुमोदन के उपरान्त मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर कार्यभार ग्रहण करने वाले वर्ष 2001 तक के वर्तमान में सेवारत कुल–66 मुख्य आरक्षियों को जनपदों/इकाइयों से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस मुख्यालय के पत्रांक पॉच–111(वरिष्ठता) 2016 दिनांक 7–4–2016 द्वारा कुल 66 कर्मियों को शुद्धि पत्र संख्या–3 के माध्यम से मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस की अन्तिम वरिष्ठता सूची 4529 में यथा स्थान वरिष्ठता निर्धारित कर दी गयी है।

5– अतः चयन वर्ष 2013 व 2014 के अवशेष कुल 419 पदों के सापेक्ष रिक्ति का डेढ़ गुना मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस की अन्तिम वरिष्ठता सूची से 629 कर्मियो की पात्रता सूची वरिष्ठता कम में (जिनकी शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु पूर्व में भर्ती बोर्ड द्वारा नहीं कराया गया है) संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के अनुमोदनोपरान्त सहमति की दशा मे भर्ती बोर्ड को उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के शेष रिक्त 419 पदों को भरे जाने हेतु भिजवाने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

(ए0के0शुक्ल) 12/4
पुलिस उपमहानिरीक्षक,स्थापना
उत्तर प्रदेश।

संख्या तथा दिनांक वहीं

प्रतिलिपि–अपर पुलिस महानिदेशक/सदस्य सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ को उनके उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 2–3–2016 के संदर्भ में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

प्रतिलिपिःसमस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को सूची सहित संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे कृपया सूची में अंकित कर्मियों को सूचित कर दें कि वे शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु तैयार रहे किसी भी समय भर्ती बोर्ड से तिथि निर्धारित होने पर सूचित किये जाने पर उपस्थित होना होगा। साथ ही कर्मियों के सेवाभिलेख पूर्ण कराकर बोर्ड प्रपत्र–2 में सूचना तैयार रखने का कष्ट करें। साथ ही कर्मियों के वर्तमान नियुक्ति स्थान से इस मुख्यालय को लौटते फैक्स के माध्यम से अवगत कराने का कष्ट करें।